महत्वपूर्ण एवं खास

एसबीआई की फर्जी शाखा खोलकर नौकरी के नाम पर लाखों की ठगी

सक्ती (आरएनएस)। सक्ती जिले के छपोरा गांव में भारतीय स्टेट बैंक की फ र्जी शाखा खोलकर आधा दर्जन लोगों को नौकरी देने के नाम पर लाखों रूपयों की ठगी करने का मामला सामने आया है। मामले का खुलासा तब हुआ जब सप्ताह भर से चल रहे इस नई शाखा की जानकारी पुलिस ने बैंक के क्षेत्रीय अधिकारियों को दी। मामले में प्रारंभिक तौर पर रायपुर और कोरबा के तीन लोगों का नाम सामने आ रहा है, जिन्होंने एसबीआई की फजी शाखा खोलकरनौकरी दिलाने के नाम पर लाखों रुपए की ठगी की है। मिली जानकारी के अनुसार, सक्ती जिले में पिछले सप्ताह भर से भारतीय स्टेट बैंक की नई शाखा खुलने की जानकारी पुलिस टीम को मिली थी। इस दौरान पुलिस अधिकारियों को संदेह हुआ तो उन्होंने बैंक अधिकारियों से इसकी तस्दीक की। इस बीच भारतीय स्टेट बैंक के क्षेत्रीय अधिकारी भी निरीक्षण में पहुंचे। बताया जाता है कि भारतीय स्टेट बैंक के क्षेत्रीय अधिकारी छपोरा पहुंचे तो वहां स्टेट बैंक की तर्ज पर इस नई शाखा को संचालित होते देखा। इस दौरान उन्होंने भीतर जाकर देखा तो आधा दर्जन कर्मचारी काम कर रहे थे वहीं मैनेजर बैंक में नदारद था। कर्मचारियों से पूछताछ करने पर उनकी नियुक्ति संबंधी जो जानकारी मिली उससे बैंक के अधिकारी हरकत में आए और उन्होंने तत्काल पुलिस को इसकी सूचना दी। सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और संबंधितों से जानकारी ली गई। तत्पश्चात बैंक अधिकारियों से इस संबंध में मिली शिकायत व प्रावधान संबंधी जानकारी लेकर कार्रवाई शुरु की गई। पुलिस के मुताबिक इस फर्जीवाड़े में प्रारंभिक तौर पर तीन आरोपियों के नाम सामने आए है, जिनमें से मुख्य सरगना रायपुर का रहने वाला बताया जा रहा है, जबकि दो लोग कोरबा के है। बहरहाल इस मामले में पुलिस फर्जीवाड़े का अपराध दर्ज करने की कार्रवाई कर रही है।

मनोरा आत्मानंद स्कूल के प्राचार्य पर यौन उत्पीड़न का आरोप

जशपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले के मनोरा आत्मानंद स्कूल के प्राचार्य आर बी निराला पर नाबालिग छात्राओं समेत एक दर्जन से अधिक शिक्षिकाओं ने यौन उत्पीडऩ का आरोप लगाया है। इस मामले के सामने आते ही कलेक्टर ने आरोपी प्राचार्य को शो कॉज नोटिस जारी कर 3 दिन के भीतर जवाब मांगा है। बता दें,कि प्राचार्य पर आरोप है कि उसने शिक्षक दिवस के दिन दो नाबालिग छात्राओं को अपने चेंबर में बुलाकर अश्लील गाने पर डांस कराया। इसके साथ ही उन्हें गलत तरीके से छूने और आपत्तिजनक बातें कहने का भी आरोप है। पीड़िताओं का आरोप है कि प्राचार्य आर बी निराला नाबालिग छात्राओं को चॉकलेट देकर बाहर मिलने बुलाता था। वहीं प्राचार्य पर लगे इन गंभीर आरोपों के प्रशासनिक जांच में आरोपों की पुष्टि हुई, जिसके बादज प्राचार्य को हटाकर मूल शाला में वापिस भेज दिया गया है।

कैदी के फरार होने के मामले में तीन आरक्षक सस्पेंड

कोंडागांव (आरएनएस)। पुलिस को चकमा देकर फरार कैदी मामले में अनुशासनहीनता पाए जाने पर कोंडागांव एसपी ने तीन आरक्षकों को सस्पेंड किया है। बता दें कि लापरवाही गांजा तस्करी के ओरापी सूरजा भतरा को जवान केशकाल से जगदलपुर केंद्रीय जेल ले जाए रहे थे। इस दौरान पुलिस को चकमा देकर आरोपी भाग निकला। एसपी वाय अक्षय कुमार ने अनुशासनहीनता पाए जाने पर आरक्षक बुधराम नेताम, आरक्षक विजय नेताम एवं आरक्षक हरेंद्र शोरी को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है। घटना बस्तर जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र की है। आरोपी केशकाल का रहने वाला है। बताया जा रहा कि आमागुड़ा के पास पुलिस चाय पीने रुकी थी, इस दौरान मौका पाकर कैदी फरार हो गया. कैदी ने आमागुड़ा के पास के जंगलों की ओर भागकर छिपने का प्रयास किया, पुलिस ने तुरंत हरकत में आकर जंगल को चारों ओर से घेर लिया. बस्तर पुलिस के साथ मिलकर कोंडागांव पुलिस कैदी की तलाश में जुटी है।

भाजपा नेता ने ट्रेन से कटकर की आत्महत्या, पुलिस जांच में जुटी

जांजगीर-चांपा (आरएनएस)। वरिष्ठ भाजपा नेता और पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल के भाई शेखर चंदेल (भाजपा नेता) ने अज्ञात कारणों से आत्महत्या कर ली। आत्महत्या उन्होंने जांजगीर रेलवे स्टेशन के पास ट्रेन के सामने आकर की, हालांकि मौके से अभी पुलिस को कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है, जिससे आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल सका है। घटना के बाद आरपीएफ और जीआरपी के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे है, आत्महत्या के जानकारी देर रात तक आस-पास के लोगों को भी मिली, जिसके बाद बड़ी संख्या में लोग घटान स्थल पर पहुंच रहे है। पुलिस ने शव को उठाकर एंबुलेंस में पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया गया है।

मुरा में आयोजित हुआ जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर

- ग्रामीणों को दी गई विभागीय योजनाओं की जानकारी, पात्र हितग्राही हुए लाभान्वित

रायगढ़

खरसिया विकासखण्ड के ग्राम-मुरा में आज जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। जिला स्तरीय शिविर से पूर्व ग्राम पंचायत स्तर पर शिविर के माध्यम से कुल 879 आवेदन प्राप्त हुए थे। जिसमें से 764 आवेदनों का निराकरण किया जा चुका है। वहीं आज आयोजित शिविर में लगभग 512 आवेदन प्राप्त हुए। आवेदनों के त्वरित निराकरण हेतु विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया है।

खरसिया विधायक उमेश पटेल ने शिविर की सराहना करते हुए कहा कि खुशी की बात है कि विकासखण्ड खरसिया के ग्राम-मुरा में शिविर लगाया गया है। शिविर के माध्यम से जिला स्तरीय अधिकारी सीधे ग्रामीणों से रूबरू होकर उनकी समस्याओं का समाधान स्थानीय स्तर पर कर रहे है। उन्होंने ग्रामीणों से आग्रह किया कि शिविर में लगे सभी विभागीय स्टॉल में जाकर योजनाओं की जानकारी प्राप्त करें एवं उसका लाभ उठायें। जिला पंचायत अध्यक्ष निराकार पटेल ने कहा कि इस तरह का शिविर लगाना आवश्यक है, जिससे आसपास के ग्रामीणों की बड़ी-छोटी समस्याओं का त्वरित निराकरण हो सके।

सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव ने कहा कि जिले के प्रत्येक जनपद में जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। पूर्व में धरमजयगढ़, तमनार, लैलूंगा, रायगढ़ में शिविर का आयोजन किया जा चुका है। खरसिया में शिविर लगाने से पूर्व ग्राम पंचायत स्तर पर ग्रामीणों से आवेदन लिए गए है। जिसमें मांग एवं शिकायत से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए है। जिसका त्वरित निराकरण भी किया जा रहा है। उन्होंने सभी लोगों को अनिवार्य रूप से आधार एन्ट्री करवाने को कहा, ताकि शासन की सभी योजनाओं का लाभ मिल सके। उन्होंने बताया कि रायगढ़ जिला अंतर्गत विकासखण्ड खरसिया में सबसे अधिक आयुष्मान कार्ड बनाए गए है। शेष व्यक्तियों को अतिशीघ्र आयुष्मान कार्ड से लाभान्वित करने के साथ ही लोगों को आयुष्मान कार्ड बनवाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि जिले में स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है, सभी स्वच्छता पखवाड़ा मनाने के साथ ही कार्यक्रम में अपना सहयोग अवश्य प्रदान करें।

इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य अवधराम पटेल, जनपद उपाध्यक्ष कन्हैया पटेल, मुरा सरपंच विमला सिदार, महेश साहू, पुरूषोतम पटेल, एडीएम संतन देवी जांगड़े, अपर कलेक्टर राजीव कुमार पाण्डेय, एसडीएम खरसिया प्रियंका वर्मा, डिप्टी कलेक्टर महेश शर्मा, तहसीलदार खरसिया लोमस मिरी, सीईओ जनपद खरसिया हिमांशु साहू सहित विभागीय अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

विभागीय योजनाओं से लाभान्वित हुए पात्र हितग्राही

खरसिया के ग्राम-मुरा में आयोजित शिविर में आज 7 हितग्राहियों को आवास शाखा द्वारा आवास प्रमाण-पत्र, कृषि विभाग द्वारा 3 हितग्राहियों को पेट्रोल पम्प एवं विद्युत पम्प तथा 6 हितग्राहियों को मृदा स्वास्थ्य प्रमाण-पत्र दिया गया। इसी तरह बिहान के माध्यम से गौरी महिला स्व-सहायता समूह को चेक वितरण, 3 हितग्राहियों को लखपति दीदी प्रमाण-पत्र, मत्स्य विभाग द्वारा 2 हितग्राही को आईस बॉक्स एवं 2 को मछली जाल वितरण किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 4 महिलाओं का गोद भराई एवं 5 बच्चों का अन्न प्रासन्न करवाया गया। राजस्व विभाग द्वारा 4 किसानों को किसान किताब प्रदान किया गया। 11 स्कूली बच्चों को स्थायी जाति प्रमाण-पत्र वितरित किया गया।

जनमन का किया गया वितरण

मुरा में आयोजित शिविर में जनसंपर्क संचालनालय द्वारा प्रकाशित छत्तीसगढ़ जनमन पत्रिका का वितरण किया गया। उल्लेखनीय है कि जनमन पत्रिका में विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के साथ ही शासन द्वारा जनहित में किए जा रहे कार्यों की जानकारी उपलब्ध होती है। इस दौरान बड़ी संख्या में लोगों ने जनमन पत्रिका प्राप्त किए।

पुलिस जनचौपाल : चक्रधरनगर पुलिस ने ग्राम गोपालपुर में अपराधों के प्रति लोगों को किया जागरूक

रायगढ़

थाना प्रभारी चक्रधरनगर निरीक्षक प्रशांत राव आहेर के नेतृत्व में चक्रधरनगर पुलिस द्वारा ग्राम गोपालपुर में "पुलिस जनचौपाल" का आयोजन किया गया, जिसमें स्थानीय लोगों को विभिन्न अपराधों और सुरक्षा संबंधी मुद्दों पर जागरूक किया गया। इस अवसर पर साइबर क्राइम, महिला संबंधी अपराध, बाहरी व्यक्तियों से असुरक्षा, सोना-चांदी की सफाई के नाम पर ठगी, और बाहरी व्यक्तियों द्वारा गांव के समीप डेरा डालने और चोरी करने जैसी घटनाओं से सावधान रहने के लिए जागरूकता का प्रचार-प्रसार किया गया।

इसके अतिरिक्त, थाना प्रभारी ने अवैध शराब, जुआ, सट्टा जैसी सामाजिक बुराइयों के विरुद्ध कड़ा रुख अपनाने का आग्रह किया। थाना प्रभारी प्रशांत राव आहेर ने ग्रामीण महिलाओं को इस दिशा में आगे बढ़ने और सामुदायिक सुरक्षा में अपनी भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। महिलाओं की सक्रिय भागीदारी को प्रोत्साहित करने के लिए "ग्राम सुधार सुरक्षा समिति" का गठन किया गया, जिसमें गांव की 26 महिला सदस्यों ने अपना नाम दर्ज कराया है। समिति का उद्देश्य गांव में छोटे विवाद, आपसी झगड़े और सामाजिक बुराइयों पर नियंत्रण पाना और जागरूकता बढ़ाना है। भविष्य में इस समिति का और विस्तार करते हुए इसे अधिक प्रभावी बनाने की योजना है। जनचौपाल में गांव के पंच, सरपंच और बड़ी संख्या में ग्रामीण, विशेषकर महिलाएं और पुरुष, उपस्थित थे। पुलिस जनचौपाल का उद्देश्य ग्रामीणों को अपराध से बचाव के उपाय सिखाना और गांव को एक सुरक्षित और संरक्षित वातावरण प्रदान करना है।

महिला सुरक्षा और साइबर जागरूकता: रायगढ़ महिला सेल का खरसिया के स्वामी आत्मानंद स्कूल मुरा में जागरूकता कार्यक्रम

रायगढ़

पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के दिशा निर्देशन एवं डीएसपी अनामिका जैन के मार्गदर्शन पर महिला सेल, रायगढ़ की टीम द्वारा खरसिया तहसील के स्वामी आत्मानंद हायर सेकेंडरी स्कूल, मुरा में महिला और बच्चों की सुरक्षा पर आधारित एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को अपराधों से सुरक्षा और उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना था।

सहायक उप निरीक्षक मंजु मिश्रा ने छात्र-छात्राओं को नाबालिगों के खिलाफ होने वाले अपराधों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने बच्चों को उनके अधिकारों और नवीनतम कानूनों के तहत प्राप्त विधिक सहायता के संबंध में जानकारी देते हुए उन्हें इस दिशा में जागरूक किया। साथ ही, उन्होंने छात्राओं को छेड़खानी या किसी अन्य प्रकार की असुविधा का सामना करने पर इसे छिपाने के बजाय तुरंत अपने पालकों, शिक्षकों या पुलिस को सूचित करने के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर महिला सुरक्षा और साइबर सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिया गया। मंजु मिश्रा ने छात्राओं को सेल्फ-डिफेंस की महत्वपूर्ण तकनीकों की जानकारी दी, ताकि वे किसी भी आपात स्थिति में खुद की सुरक्षा कर सकें। इसके साथ ही, छात्र-छात्राओं को सोशल मीडिया के दुष्प्रभाव और ऑनलाइन ठगी के खतरों के बारे में जागरूक किया गया। उन्हें बताया गया कि सोशल मीडिया का सावधानीपूर्वक उपयोग कैसे करें, अनजान लोगों से बातचीत से बचें, और अपनी व्यक्तिगत जानकारी साझा न करें।

साइबर अपराधों से बचाव के लिए उन्होंने विद्यार्थियों को साइबर खतरों से बचाव और अभिव्यक्ति ऐप, डॉयल 112 के उपयोग के बारे में भी जानकारी दी, ताकि वे पुलिस से तत्काल मदद प्राप्त कर सकें। इस जागरूकता कार्यक्रम में 76 छात्र-छात्राएं, स्कूल के शिक्षक-शिक्षिकाएं, स्टाफ, महिला आरक्षक शीला टोप्पो (महिला सेल), सुक्रिता कर्ष (थाना कोतरारोड़), गौरी सिदार (थाना भूपदेवपुर) उपस्थित थीं।

खम्हार पाकुट को पर्यटन के लिए किया जाएगा विकसित, विश्राम गृह का होगा जीर्णोद्धार

- कलेक्टर गोयल ने प्रस्ताव तैयार करने सिंचाई विभाग को दिए निर्देश
- विश्राम गृह के सामने वॉच प्वाइंट बनाने कहा, जहां से पर्यटक डैम का खूबसूरत नजारा देख सकें
- लैलूंगा में पानी सप्लाई के लिए पीएचई के इंटकवेल प्रोजेक्ट को पूरा करने के निर्देश

रायगढ़

लैलूंगा के खम्हार पाकुट टैंक प्रोजेक्ट को पर्यटन के लिए विकसित किया जाएगा। यहां बने विश्राम गृह का जीर्णोद्धार होगा। कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने इसके लिए सिंचाई विभाग के अधिकारियों को प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए। कलेक्टर गोयल डैम के निरीक्षण के लिए पहुंचे थे। सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव भी इस दौरान साथ रहे। कलेक्टर गोयल ने डैम में केज कल्चर मछली पालन और बोटिंग की संभावनाओं की दिशा में भी काम करने के निर्देश दिए। विश्राम गृह के सामने वॉच प्वाइंट भी बनाने के लिए प्रस्ताव तैयार करने की बात कही जहां से डैम का खूबसूरत नजारा आने वाले पर्यटक देख सकें।

कलेक्टर गोयल ने खम्हार पाकुट टैंक प्रोजेक्ट के बारे में तकनीकी जानकारी ली। कार्यपालन अभियंता सत्येन्द्र विश्वकर्मा ने बताया कि यहां की क्षमता 19.38 एमसीएम है और अभी 82 प्रतिशत पानी भरा है। पानी के स्टोरेज का रोज सुबह 8 बजे डाटा लिया जाता है। कलेक्टर गोयल ने सिंचाई के लिए पानी छोड़े जाने और नहरों की मरम्मत के बारे में जानकारी ली। बताया गया कि मरम्मत के लिए टेंडर जारी हो चुका है। प्रक्रिया जल्द पूरी कर काम शुरू कर दिया जाएगा।

इस दौरान डिप्टी कलेक्टर शशिकांत कुर्रे, एसडीएम लैलूंगा अक्षा गुप्ता, तहसीलदार शिवम पाण्डेय, सीईओ जनपद प्रेम सिंह मरकाम सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

लैलूंगा में पानी सप्लाई के लिए पीएचई के इंटकवेल प्रोजेक्ट को पूरा करने के निर्देश- कलेक्टर गोयल ने इसके साथ ही खम्हार पाकुट में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा निर्माणाधीन प्रोजेक्ट के बारे में भी जानकारी ली। ईई पीएचई परीक्षित चौधरी ने बताया कि इस प्रोजेक्ट से लैलूंगा शहर में जलापूर्ति किया जायेगा। इसके लिए ट्रीटमेंट प्लांट भी बनाया जा रहा है। पाइप लाइन बिछाने का काम भी पूरा करना है। कलेक्टर गोयल ने इसे प्राथमिकता में लेते हुए सभी कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने इस प्रोजेक्ट के प्रगति की समीक्षा नियमित रूप से समय-सीमा की बैठक में करने की बात भी कही।

लारीपानी आंगनबाड़ी का किया निरीक्षण- कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव के साथ लारीपानी आंगनबाड़ी केंद्र का भी निरीक्षण किया। यहां उन्होंने बच्चों की उपस्थिति और वजन त्यौहार के बारे में जानकारी ली। उन्होंने बच्चों को खान-पान और गर्भवती माताओं को टेक होम राशन वितरण के बारे में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं से पूछा। कलेक्टर गोयल इसकी जानकारी ऑनलाइन पोर्टल ने नियमित रूप से दर्ज करने के निर्देश दिए। डीपीओ महिला एवं बाल विकास विभाग एल.आर.कच्छप भी इस दौरान उपस्थित रहे।

शा.उ.मा.विद्यालय चक्रधर नगर के विद्यार्थियों ने पहाड़ मंदिर एवं न्यायालय परिसर में किया सफाई कार्य

रायगढ़

छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड, रायपुर के तत्वावधान में स्वच्छता ही सेवा उद्देश्य को लेकर स्वच्छता कार्यक्रम में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चक्रधर नगर के विद्यार्थियों द्वारा स्थानीय कौहाकुंडा स्थित पहाड़ मंदिर परिसर में सफाई की गई। इसी क्रम में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चक्रधर नगर के विद्यार्थी अपने शिक्षकों के मार्गदर्शन में अपने विद्यालय से रैली निकालते हुए जिला न्यायालय परिसर पहुंचे जहां जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने उपस्थित समस्त विद्यार्थियों को स्वच्छता के महत्व के बारे में जानकारी दी और हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। इस अवसर जिला एवं सत्र न्यायाधीश के अतिरिक्त परिवार न्यायालय के न्यायाधीश, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, न्यायालयीन अधिकारी-कर्मचारी गण विद्यालय के प्राचार्य समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं और विद्यार्थी उपस्थित रहे और सभी ने परिसर की साफ -सफाई भी की। कार्यक्रम में पर्यटक सूचना केंद्र प्रबंधक आभिका तिवारी, सूचना सहायक विकास भोई, राजू केवट तथा चक्रधर नगर स्कूल के प्राचार्य राजेश डेनियल एवं शिक्षक विनोद पटेल उपस्थित रहे।

डिजिटल क्रॉप सर्वे का मौका मुआयना करने लैलूंगा के गांवों में पहुंचे कलेक्टर

- त्रुटिरहित गिरदावरी के लक्ष्य के साथ करें काम- कलेक्टर कार्तिकेया गोयल
- लैलूंगा ब्लॉक में डिजिटल क्रॉप सर्वे का चल रहा पायलट प्रोजेक्ट
- खसरावार बोए गए फसल की जानकारी जियो टैग फोटो के साथ रहेगी स्टोर

रायगढ़

रायगढ़ के लैलूंगा ब्लॉक में इस बार डिजिटल क्रॉप सर्वे चल रहा है। किसानों के खेत के क्षेत्रफल और लगी फसल का अपडेट खेत से सीधे सॉफ्टवेयर में फोटो के साथ अपलोड किया जा रहा है। इस पायलट पायलट प्रोजेक्ट में गांव के शिक्षित युवाओं को सर्वेयर के रूप में शामिल किया गया है। कलेक्टर कार्तिकेया गोयल लैलूंगा के विभिन्न गांवों में पहुंचकर इस डिजिटल क्रॉप सर्वे का मौका मुआयना किया। सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव भी इस दौरान साथ रहे।

कलेक्टर गोयल ने ब्लॉक के लारीपानी, सोहनपुर, मोहनपुर और झरन में डिजिटल क्रॉप सर्वे का निरीक्षण किया। यहां उन्होंने किसानों के खेतों में पहुंचकर वहां सर्वेयर द्वारा किए जा रहे कामों को देखा। यहां उन्होंने जियो रेफरेंसिंग आधारित सॉफ्टवेयर में सर्वे के दौरान भरी जाने वाली जानकारी और उसके वेरिफिकेशन की प्रक्रिया की जानकारी सर्वेयर और पटवारी से ली और मौके पर ही एक सर्वे करवाकर उसकी जानकारी सॉफ्टवेयर में दर्ज करवाई। जिसका मिलान पटवारी द्वारा किए जा रहे गिरदावरी से भी किया गया। कलेक्टर गोयल ने इस दौरान गांवों में चल रही गिरदावरी का निरीक्षण किया। उन्होंने पटवारियों से गिरदावरी का काम पूरी संजीदगी के साथ त्रुटिरहित तरीके से करने के निर्देश दिए।

इस दौरान डिप्टी कलेक्टर शशिकांत कुर्रे, एसडीएम लैलूंगा अक्षा गुप्ता, उप संचालक कृषि अनिल वर्मा, तहसीलदार शिवम पाण्डेय, सीईओ जनपद प्रेम सिंह मरकाम सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

क्या है डिजिटल क्रॉप सर्वे- डिजिटल क्रॉप सर्वे में खसरे का का रकबा और उसमें लगी फसल की जानकारी सॉफ्टवेयर में डिजिटली स्टोर की जाती है। यह सॉफ्टवेयर गूगल अर्थ से इंटीग्रेटेड है और जीपीएस आधारित है। इसमें तीन चरण में डाटा तैयार किया जाता है। सर्वेयर के द्वारा खेतों में जाकर सर्वे जानकारी और जियो टैग फोटो के साथ अपलोड की जाती है। पटवारी यहां पर्यवेक्षक की भूमिका में होते हैं जो अपलोड की गई जानकारी को क्रॉस चेक करते हैं एवं प्रथम स्तर पर सत्यापन करते हैं। यदि सर्वेयर द्वारा फिर से गलत एंट्री की जाती है तो इसका द्वितीय स्तर पर इसका सत्यापन आरआई करते हैं। तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार इसकी जांच करते हैं। यह पूरा काम भारत सरकार के सॉफ्टवेयर में हो रहा है। इसमें खेत में क्या बोया गया है फसल की जिंस का नाम, मिश्रित फसलों की स्थिति में सभी फसलों का अनुमानित रकबा, सिंचित-असिंचित फसल, एकवर्षीय या बहुवर्षीय, सीजनल फसल की जानकारी भरी जाएगी। सर्वेयर द्वारा साफ्टवेयर में बोये गये जिंस व एकल व मिश्रित फसल की स्थिति में बोये गये फसल या पड़त रकबा की प्रविष्टि करेगा। जियो रिफरेंस होने के कारण खेत में जाने पर खसरा नंबर के अनुसार किसान और रकबे की जानकारी सॉफ्टवेयर में आ जाएगी। यहां सर्वे के पश्चात लेटिट्यूड और लांगीट्यूड आधारित फोटो खींच कर अपलोड करना होगा। इस वर्ष जिले के लैलूंगा ब्लॉक में यह पायलट प्रोजेक्ट की तरह शुरू हुआ है।

गांव के शिक्षित युवाओं को सर्वेयर के रूप में काम करने का मिला मौका- इस पायलट प्रोजेक्ट में गांव के ऐसे शिक्षित युवाओं को सर्वेयर के रूप में जोड़ा गया है जो न्यूनतम दसवीं पास हो और मोबाइल/कंप्यूटर चलाने का बुनियादी ज्ञान रखते हों। डिजिटल क्रॉप सर्वे के लिए उन्हें प्रशिक्षण दिया गया है। हर सर्वे के लिए उन्हें निश्चित राशि भी दी जा रही है।

ऑयल पॉम की खेती देखने भी पहुंचे- कलेक्टर गोयल ने लैलूंगा निरीक्षण के दौरान मोहनपुर में किसान द्वारा किए जा रहे ऑयल पॉम की खेती का भी निरीक्षण किया। यहां किसान जयप्रकाश वैष्णव ने 1.5 एकड़ में ऑयल पॉम के पौधे लगाए हैं। कलेक्टर गोयल ने इससे होने वाले उपज और आमदनी के बारे में जानकारी ली। बताया गया कि गोदरेज कंपनी के साथ टाइअप किया गया है। वो पूरी फसल खरीदेंगे। कलेक्टर गोयल ने इसके साथ यहां उद्यानिकी विभाग की नर्सरी का भी निरीक्षण किया। यहां विभाग द्वारा गेंदे के फूलों के साथ आम सहित दूसरे फलदार पौधे भी लगाए हैं।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480